
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

26 सितंबर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक मनुष्य का सबसे बड़ा कर्म दूसरों की भलाई और सहयोग होना चाहिए जो एक संपन्न राष्ट्र का निर्माण करता है।



ईश्वर चंद्र विद्यासागर

( स्वतंत्रता सेनानी )

जन्म : 26 सितंबर 1820

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

## दिवस विशेष

26 सितंबर


मधु प्रिया

## सीएसआईआईआर की स्थापना 26 सितंबर

सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
*The Innovation Engine of India*

भारत में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की स्थापना 26 सितंबर 1942 में हुई। यह एक स्वायत्त संस्था है तथा भारत के प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष हैं। सीएसआईआर 37 अत्याधुनिक संस्थाओं का ऐसा समूह है, जिसकी गिनती विश्व के अग्रणी वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान संगठनों में होती है। सीएसआर को 8000 अनुसंधान विद्यार्थियों 4600 वैज्ञानिक तथा 8000 वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारियों की विशेषता और अनुभव प्राप्त है। अत्याधुनिक अवसंरचनात्मक सुविधाओं एवं वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्मिक शक्ति के साथ सीएसआईआर वास्तव में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय महत्व के वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास के सभी क्षेत्रों जैसे समुद्री अन्वेषण माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स से संरचनात्मक और पर्यावरणीय अभियांत्रिकी स्मार्ट मेटीरियल से मेकाट्रॉनिक्स पेट्रोल रसायन से संश्लेषित जीव विज्ञान तथा रोबोटिक और माइक्रो मशीन से औषधि तथा कृषि रसायन तक में कार्यरत है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)भारत का सबसे बड़ा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी अनुसंधान एवं विकास संस्थान है। हालांकि इसका वित्तीय प्रबंधन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा होता है फिर भी यह एक स्वायत्त संस्था है। इसका पंजीकरण भारतीय सोसायटी पंजीकरण धारा 1860 के अंतर्गत हुआ है।

# जयंती विशेष 26 सितंबर




**ईश्वर चन्द्र विद्यासागर** Ishwar Chandra Vidyasagar; जन्म- 26 सितम्बर, 1820, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 29 जुलाई, 1891, कोलकाता) भारत के प्रसिद्ध समाज सुधारक, शिक्षा शास्त्री व स्वाधीनता सेनानी थे। वे ग़रीबों व दलितों के संरक्षक माने जाते थे। उन्होंने स्त्री-शिक्षा और विधवा विवाह पर काफ़ी ज़ोर दिया। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने 'मेट्रोपोलिटन विद्यालय' सहित अनेक महिला विद्यालयों की स्थापना करवायी तथा वर्ष 1848 में **वैताल पंचविंशति** नामक बंगला भाषा की प्रथम गद्य रचना का भी प्रकाशन किया।

# ब्याज (Interest)

- दर( rate)- जिस हिसाब से लगाये धन पर ब्याज लिया जाता है, उसे ब्याज दर कहते हैं।

- मिश्रधन (amount)-मूलधन तथा ब्याज के योग को मिश्रधन कहते हैं।

- चक्रवृद्धि ब्याज (compound Interest )-कर्ज ली गई राशि के ब्याज को निश्चित समय के बाद मूलधन में जोड़कर मिश्रधन बनाया जाता है। यह अगले समय के लिए मूलधन बन जाता है। प्रत्येक समय के लिए यही क्रिया दोहराई जाती है ,अंत में जो मिश्रधन बनता है ,चक्रवृद्धि मिश्रधन कहलाता है। चक्रवृद्धि मिश्रधन एवं मूलधन का अंतर चक्रवृद्धि ब्याज का कहलाता है ।

Anu Priya, Science Teacher

# यूथ वनडे में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले प्लेयर्स

| बैटर्स | पारियां | छक्के |
|---|---|---|
| वैभव सूर्यवंशी (इंडिया-19) | 10 | 41 |
| उन्मुक्त चंद (इंडिया-19) | 21 | 38 |
| जवेद अबरार (बांग्लादेश-19) | 22 | 35 |
| शाहजैब खान (पाकिस्तान-19) | 24 | 31 |
| यशस्वी जायसवाल (इंडिया-19) | 27 | 30 |

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 26.09.2025

### बहुआयामी शिक्षा

बहुआयामी शिक्षा एक ऐसा शैक्षिक दृष्टिकोण है जो विभिन्न विषयों और ज्ञान क्षेत्रों को एकीकृत करता है, ताकि छात्रों को एक ही अवधारणा या समस्या को कई दृष्टिकोणों से समझने का अवसर मिले। यह न केवल शिक्षा को रुचिकर बनाती है, बल्कि छात्रों में आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान जैसे कौशलों को भी बढ़ावा देती है। इस तरह की शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक संकीर्ण सीमाओं से परे ले जाकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
आचार्य बालकृष्ण को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और एल्सेवियर द्वारा जारी विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। यह लगातार दूसरी बार है जब उन्हें इस प्रतिष्ठित सूची में स्थान मिला है।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### स्ट्रॉबेरी



मुझमें प्रोटीन कार्बोहाइड्रेट, सुक्रोज, फ्रुक्टोज, कैल्शियम, फाइबर, मैग्निशियम, vit.C,B-6 और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं।

Anu priya

www.teachersofbihar.org


# Teachers of Bihar
The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

Waist



कमर


Waste




कचरा

www.teachersofbihar.org.in

Anupriya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
प्रसिद्ध दार्शनिक, शिक्षाविद,
लेखक, अनुवादक, बंगाल के
पुनर्जागरण के स्तम्भों में से
एक
ईश्वर चन्द्र विद्यासागर
की जयंती पर नमन।
26 सितंबर 1820-29 जुलाई 1891
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस
26 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


26 सितंबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व मूक बधिर दिवस
Madhu priya

26 सितंबर

# वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् - भारत

CSIR.INDIA

## स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya